तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 22 जून 2025

16 प्रधानमंत्री के संबोधन के साथ गुरूर विद्यालय में मनाया गया ...



15 मानसिक व आत्मिक शुद्धि का मार्ग भी प्रशस्त ...





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

# निरोगी काया और उत्तम जीवन के लिए जिले में जगह-जगह योगाभ्यास का आयोजन

## योग दिवस

### प्राचीन काल से ही योग हमारी संस्कृति और दिनचर्या का अभिन्न अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें बीके सरिता दीदी व बीके धनेश्वरी दीदी ने सभी को योगा कराया। जिसमे बताया गया कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून 2015 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित करके जीवन में योग के महत्व को पुनस्र्थापित किया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि व्यक्ति तभी सम्पूर्ण रूप से स्वस्थ माना जाएगा जब वो शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ हो, उसे ही सर्वांगीण स्वास्थ्य की संज्ञा दी जाएगी।

ब्रह्माकुमारीज की संचालिका बीके विजयलक्ष्मी ने कहा कि योग शब्द का अर्थ होता है जोड़ना। अध्यात्म के संदर्भ में आत्मा का संबंध परमात्मा से जोड़ना ही सच्चा योग है। उन्होंने कहा कि योग दिवस मनाने से लोगो में योग के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने नकारात्मक और व्यर्थ विचारों से बचने की सलाह देते हुए कहा कि इससे आत्मा की शक्ति नष्ट होती है। प्राचीन काल से ही योग हमारी संस्कृति और दिनचर्या का अभिन्न अंग रहा है परन्तु धीरे-धीरे भौतिकवादी संस्कृति के विकास के साथ ही योग के प्रति हमारा दृष्टिकोण भी बदल गया है। सबसे बड़ी भौतिकता है, स्वयं को पांच तत्वों से निर्मित शरीर समझना है। जब मनुष्य स्वयं को आत्मा निरोग बनाने वाले विभिन्न शारीरिक योगासन, शारीरिक मुद्राएं और हठयोग प्रचलित हो गए। वर्तमान समय में प्रचलित अधिकांश योगाभ्यास केवल शारीरिक योगाभ्यास बन कर रह गए है परन्तु योग का वास्तविक अर्थ होता है, दो अलग-अलग अस्तित्व वाली संख्या का योग। आज ऐसे योग की आवश्यकता है जो ▶▶ शेष पेज 14 पर





### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महिला कमांडो ने किया योगाभ्यास, लोगों को किया प्रेरित



बालोद। ग्यारहवां अंतरास्ट्रीय योग दिवस पर महिला कमांडों ने योगा किया और लोगों को भी योग के प्रति प्रेरित किया। बालोद जिला की महिला कमांडों ने ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वयं योगा करते हुए लोगों को भी योग करने के लिये प्रेरित किया। महिला कमांडो बुंदेली तीजन बाई साहू ने कहा कि योगा करना हमारे लिये बहुत जरूरी है, इससे थकावट, तनाव दूर हो जाता है पाचन तंत्र मजबूत होता है। दियाबती रेवती साहू ने कहा हम लोग खेत में घर ने कार्य करती हैं जिससे बहुत थकावट होती है मै रोज योगा करती हूं जिससे पीठ पेट और पैरो मेरी मजबूती महसूस करती हूं और बेहतर नींद आती हैं। दिलेश्वरी पटेल, वीरेंद्र नगर ने कहा मै हररोज योग करती हूं ध्यान लगाती हूं और आपने भगवान को याद करती हुं जिससे मन प्रसन्न होता है, खुश मिलती है। पद्मश्री शमशाद बेगम ने कहा योग दिवस पर महिला कमांडो की भागीदारी लगातार बनी हुई हैं। योगा हमे निरोग रहने में मदद करता है इसे मैं अपनी दिनचर्या में शामिल रहती हैं और लोगों को ▶▶ शेष पेज 14 पर

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गुण्डरदेही मंडल कार्यालय में भव्य योग शिविर का आयोजन




गुण्डरदेही। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही के द्वारा मंडल कार्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया था। योगाचार्य केशव राम साहू ने योगी जॉगिंग के साथ अभ्यास शुरू कर प्राणायाम में , कपालभाति, बाह्य, अग्निसार, उज्जाई, भ्रामरी, उदगीथ के साथ खड़े होकर करने वाले आसन ताड़ासन, वृक्षासन, वीरभद्रासन, त्रिकोणासन, सूर्य नमस्कार, बैठकर किए जाने वाले आसन , वज्रासन, वक्रासन, पाद हस्तासन, मंडूकासन, पट लेट कर मकरासन, धनुरासन, चित लेट कर मर्कट आसान, चक्रासन, सर्वांगासन, हलासन, सेतु बध आसान का अभ्यास कराया गया तथा इससे होने वाले फायदे के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, शैल महोबिया, भूषण लाल साहू, छगनलाल सोनकर, अशोक महोबिया, थानमल जैन, लक्ष्मी साहू, पुष्कर चंद्राकर, खुलाश साहू, विनोद चंद्राकर, मंथीर साहू उपस्थित थे।

### महाविद्यालय अर्जुन्दा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

बालोद। अर्जुन्दा शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रें और प्राध्यापको को योग के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में एक विशेष योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रें और शिक्षकों ने विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। अनुभवी योग प्रशिक्षक डॉ. भूपेश साहू ने इस सत्र का संचालन किया और प्रतिभागियों को योग के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में योग के स्वास्थ्य लाभों पर चर्चा की गई, जैसे कि तनाव कम करने, लचीलापन बढ़ाने और मानसिक शांति प्राप्त करने में योग की भूमिका। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रें और शिक्षकों को योग के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें नियमित योग अभ्यास के लिए प्रेरित करना था। शारीरिक स्वास्थ्य योग अभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार हुआ और छात्रें को तनाव और चिंता से मुक्ति मिली। मानसिक शांति योग ने मानसिक शांति और एकाग्रता में सुधार करने में मदद की सामुदायिक भावनाकार्यक्रम ने छात्रें और शिक्षकों के बीच सामुदायिक भावना को बढ़ावा दिया और उन्हें एक साझा उद्देश्य के लिए एकजुट किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित इस योग कार्यक्रम ने छात्रें और शिक्षकों को योग के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक किया। यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया और इसके परिणाम स्वरूप महाविद्यालय में योग के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप

### शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों का किया स्वागत



गुरूर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुंदनी मे शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद के सभापति चंद्रिका यशवंत गंजीर थी। अध्यक्षता जनपद सदस्य और स्वास्थ एवं महिला बाल विकास विभाग के सभापति संध्या अजेंद्र साहू ने की, साथ में सरपंच विशाल दीवान, उपसरपंच मन्नू साहू, बूथ अध्यक्ष दुलेश्वर यादव, मोहफ़त साहू, जगजीवन निर्मलकर, एआर महन्त, पीआर गुरुपंच, कमल दीवान, सहित गुरुजन और छात्र छात्रए उपस्थित थे।

### ग्राम कसही लो में ग्रामीणों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

डौंडीलोहारा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर बच्चों के साथ सभी ग्राम वासियों ने मिलकर योगाभ्यास किया। ग्राम पंचायत कसही लो के शासकीय विद्यालय में ग्राम के प्रमुख गणमान्य नागरिक उपस्थित थे जिसमें डॉ धर्मेन्द्र साहू ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग करने से हमारे शरीर में कई प्रकार के बिमारी से छुटकारा मिलता है, उपसरपंच नरेंद्र साहू ने बताया कि रोज सुबह शाम योग-साधना एवं पैदल चलने से शरीर में रक्त संचार ठीक रहता है, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है इस अवसर पर ग्राम पंचायत कसही के सचिव खिलेश्वरी भुआर्य, उपसरपंच नरेंद्र साहू, रोहित चंदनमलागर, कृष्णा साहू, यशवंत साहू, प्रधान पाठक श्रीमती शैलेन्द्री साहू, कुलदीप मेडम, आंगनबाडी कार्यकर्ता सुखदी बाई, भारत माता वाहिनी अध्यक्ष सुकवारो बाई, सचिव गणेश्वरी साहू, भुमिका देवांगन, मनिता बाई, बेला बाई, मालती बाई,राजकुमारी, कुंती बाई, पुष्पा बाई, रेणुका बाई, लता बाई एवं प्राथमिक शाला कसही के बच्चों ने योग में भाग लिया।

### खड़ी डंपर पर लगी आग

भिलाई। खड़ी डंपर के केबिन में अचानक आग लगने से सनसनी फैल गई।

# स्वादिष्ट भोजन नहीं बनाने का ताना देने पर रसोइये ने बुजुर्ग की हत्या की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

कंकालिन हत्याकांड मे मृतक का खानसामा ही हत्या का आरोपी निकला। आरोपी ने खाना ठीक से न बनाने की बात कहने पर पास मे रखे टंगिये से बुजुर्ग की हत्या को अंजाम दे दिया। आरोपी को गिरफ्तार करने मे पुलिस ने सफलता प्राप्त की है।

मामले मे 18 जून को ग्राम कंकालिन मंदिर के पीछे गेट के पास निवासी लक्ष्मीपुरा थाना रतनगढ़ जिला निमच (म.प्र.) सरदार सिंह को धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दिया था, मृतक के पुत्र प्राथएँ लक्ष्मण गोंड पिता सरदार सिंह उम्र 28 वर्ष जाति बंजारा निवासी लक्ष्मीपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह जीसीबी ट्रेक्टर वाहनो से ठेकेदार के माध्यम से रास्तो में मुरूम डालने का काम करता है। पिता सरदार सिंह का शव के पास इसके पिता सरदार सिंह का मोटर




■ बुजुर्ग पर टंगिए से किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

सायकल बजाज प्लेटिना भी था, गाड़ी के आस पास जमीन में खून की धब्बा था तथा मोटर सायकल में भी खून की धब्बा दिखाई दे रहा था, कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसके पिता सरदार सिंह के सिर के पीछे गर्दन के पास धारदार हथियार से वार कर हत्या कर देने की रिपोर्ट पर देहाती नालसी लेकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ▶▶ शेष पेज 14 पर

### जुर्म कबूल किया

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी धानापुरी थाना गुरूर निवासी आरोपी प्रवीण कुमार कुंजाम पिता जागेश्वर कुंजाम 34 वर्ष को अभिरक्षा मे लेकर पुछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया, अपने मेमोरण्डम कथन मे बताये कि आरोपी 16 जून को ठेकादार मृतक सरदार सिंह उर्फ सद्दू के पास खाना बनाने का काम कर रहा था, ठेकादार द्वारा आरोपी को खाना ठीक से नही बनाते हो खाना मे स्वाद नही रहता। तुम्हे काम पर नही रखुंगा कहने पर आरोपी आवेश मे आकर अपने पास रखे टंगिया से मृतक गर्दन के पीछे प्राण घातक हमला करते हुए हत्या करना बताये, मामले मे घटना मे प्रयुक्त टांगिया व पहने हुए कपडे को जप्त किया गया। विवेचना मे आये साक्ष्यो के आधार पर आरोपी प्रवीण कुमार कुंजाम द्वारा उपरोक्त धारा सदर का अपराध घटित कराना सिद्ध पाये जाने पर आरोपी को 20 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया।

# तरौद में दूषित पानी से डायरियां का प्रकोप, 30 से अधिक ग्रामीण पीड़ित, एक मौत संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ब्लॉक के ग्राम तरौद में दूषित पानी पीने से 30 से अधिक ग्रामीणों में डायरियां का प्रकोप देखने को मिला है। जिसमें से एक युवक मोहित निषाद 40 वर्ष की मौत हो चुकी है। लेकिन युवक की मौत डायरियां के प्रकोप के कारण हुआ है यह पुष्टि रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा, आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत डायरियां के कारण हुआ है।

■ गांव में डाक्टरों की टीम तैनात, पीड़ितों का उपचार जारी

शुक्रवार को ग्राम तरौद के रावणभाठा पारा में एक के बाद एक लोगो को पेट दर्द, उल्टी एवं दस्त होने की शिकायत सामने आने लगी, जिसके बाद चार लोगों को जिला अस्पताल बालोद भतएँ कराया गया। गांव में डायरियां की शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गांव में






शिविर लगाया गया, जहां पेट दर्द, उल्टी एवं दस्त से ग्रसित ग्रामीणों ने अपना इलाज करवाया। वही ग्रामीणों की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल भेजा है। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए शिविर में जांच के दौरान पांच ग्रामीणों में डायरियां का प्रकोप और देखने को मिला है, जिन्हें जिला अस्पताल मे भतएँ किया गया है। गांव में डाक्टरों की टीम तैनात किया गया है जो लगातार ग्रामीणों का जांच कर रहे हैं। प्रभावितो का जिला एवं निजी चिकित्सालयो मे ईलाज चल रहा है। पाइपलाइन में लीकेज की आशंका, पानी सप्लाई को रोका

### 20 साल पुरानी पाइपलाइन

ग्राम तरौद के ग्रामीणों ने बताया कि, रावणभाठा ▶▶ शेष पेज 14 पर

### मोहित को सात बार हुई थी उल्टी

जानकारी अनुसार मृतक मोहित निषाद को शुक्रवार सुबह से ही उल्टी हो रही थी। करीब 7 बार उल्टी के बाद दोपहर में उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। वह खुद पैदल चलते हुए अस्पताल के अंदर गया था। लेकिन शाम 5 बजे अचानक उसकी मौत हो गई। जिससे पूरा गांव सदमे में है। मोहित एक लोक कलाकार था। जो मंचों पर तबला और नाल का वादन करता था। मोहित के परिवार में लगभग आठ सदस्य थे, मोहित अपने माता पिता का इकलौता बेटा था, मोहित की चार बेटीया है, मोहित की पत्नी स्कूल में खाना बनाने जाती है। गांव में डायरियां के प्रकोप के कारण शनिवार को ग्रामीणों द्वारा स्कूलों में प्राथना कर बच्चों की छुट्टी करा दी गई। स्कूल में मध्यान भोजन भी नहीं बनाया गया है। आंगनबाड़ी भी नहीं खोला गया।



## खबर संक्षेप

### मृतक मितानिन प्रशिक्षक को मुआवजा देने की मांग

**बालोद।** प्रदेश स्वास्थ मितानीन संघ रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा मृतक मितानीन प्रशिक्षक को मुआवजा देने एवं आरोपियो को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए अनुविभागीय गुण्डरदेही के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन मे कहा गया है कि जिला कांकेर विकासखण्ड ग्राम दुर्गुकोंदल ग्राम चिखली से मितानीन प्रशिक्षक जयंती मंडल जो वर्श 2004 से मितानीन कार्यक्रम मे मितानीन प्रशिक्षक के पद मे सेवा दे रही है जनकी अज्ञात आरोपियो द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई है। इसलिए प्रदेश स्वास्थ मितानीन संघ द्वारा अज्ञात आरोपियो का जल्द से जल्द पता कर कड़ी से कड़ी सजा देने एवं मृतक मितानीन प्रशिक्षक के परिजनो को मुआवजा देने की मांग संघ द्वारा की गई है।

### शाला प्रवेश उत्सव पर छात्राओं को मिला साइकिल उपहार



**कुसुमकसा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्य विद्यालय कुसुमकसा में प्रवेश उत्सव पर कक्षा नवमी के छात्राओं को राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना सरस्वती साइकिल योजना के साइकिल वितरण किया गया। शाला में सायकल वितरण कार्यक्रम योगेंद्र कुमार सिन्हा भाजपा मण्डल अध्यक्ष कुसुमकसा के मुख्य, वेद बाई पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा की अध्यक्षता भाजपा जिला प्रतिनिधि राकेश द्विवेदी भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष गोपाल साहू, भाजपा मंडल के महामंत्री मितेन्द्र वैष्णव भाजपा मंडल के महामंत्री पोषण भुआर्य, सेजस प्राचार्य सुनीता यादव विशिष्ट अतिथि थे। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बालिकाओं को अध्यापन के लिए शाला आने जाने में हो रही असुविधा को देखते हुए सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण पर प्रकाश डाला, इस अवसर पर शाला की छात्राएं, शिक्षक, शिक्षिका व पालकगण उपस्थित थे।

### नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल अभिषेक कर किया स्वागत



**अंडा।** ग्राम खपरी में पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला खपरी में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रखा गया। साथ ही इस वर्ष प्राथमिक शाला खपरी के एक बालक का चयन नवोदय विद्यालय में बुराई में हुआ। उसका भी सम्मान किया गया एवं कक्षा पांचवी में प्रथम श्रेणी में उतरन होने वाले सभी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया साथ ही प्राथमिक शाला खपरी में नव प्राइवेसी बच्चों का गुलाल अभिषेक कर पाठ पुस्तक वितरण किया गया। इसी तरह पूर्व माध्यमिक शाला खपरी में कक्षा छठवीं में प्रवेश करने वाले छात्र-छात्राओं का गुलाल से तिलक लगाकर एवं पुस्तक वितरण साथी गणेश देकर सभी का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा के सरपंच अनुसूया नारायण साहू पूर्व माध्यमिक शाला के साला विकास समिति के अध्यक्ष चितरंजन साहू प्राथमिक शाला खपरी के शाला विकास समिति के अध्यक्ष रहानीवाल साहू पूर्व सरपंच नारायण साहू पूर्व माध्यमिक पाठशाला के प्रधानाचार्य चंद्राकर प्राथमिक पाठशाला के प्रधान पाठक भोजराम यादव एवं पूर्व माध्यमिक शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं प्राथमिक शाला खपरी के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

### गांजा बेचने वाली महिला गिरफ्तार

**पाटन।** गांजा का अवैध कारोबार करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम तर्रा भाठापारा पारधीपारा नर्सरी में अवैध रूप से गांजा बेचने की शिकायत मिलने पर पुलिस पहुंची थी।

---

**आयोजन**

**एक पेड़ मां के नाम पर लगाने की सीएम ने की अपील**

# तन मन को स्वस्थ रखने के लिए योग को दिनचर्या में करें शामिल : मुख्यमंत्री साय







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ योग आयोग के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय विश्व योग दिवस 21 जून का भव्य आयोजन जशपुर में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ हरित योगा की थीम पर शनिवार को आयोजित हुआ जिसमें जामगांव आर पाटन घुघवा सहित योग प्रचार समिति के सदस्य शामिल हुए। विश्व योग दिवस समारोह के

- प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी के लिए रायपुर की तर्ज में नालन्दा परिसर का भूमिपूजन जशपुर में किया गया

मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय थे। अध्यक्षता समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने किया। छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा उपस्थित थे। जशपुर में पांच दिनों से अनवरत वर्षा के बीच जिला कलेक्टर रोहित व्यास के नेतृत्व में हजारों लोगों ने निर्बाध गति से योग किए। मंच में विधायक रायमुनी भगत राजा रणविजय सिंह जूदेव, सच्चिदानंद उपासने, राम स्वरूपदास, जुड़वान सिंह ठाकुर, रतन चक्रधर, गोपाल टाबरी, योगिराज ज्योति देवकर साहब, योगेशेवरानंद योगी, शौर्य प्रसाद जूदेव, मुख्य योग प्रशिक्षक छबिराम साहू, रायपुर योग ज्योति, रायपुर सहायक प्रशिक्षक जयश्री साहू, गुंजन सिन्हा, राजनांदगांव झामिनी साहू, रेणुका साहू, दुर्ग डमरू स्वर्णकार, अशोक यादव, श्रद्धा स्वर्णकार, मेघा स्वर्णकार जगदलपुर ने हजारों लोगों को प्रभावी ढंग से योग कराए।

### योग को दिनचर्या में अपनाए

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि तन मन को स्वस्थ रखने के लिए योग को दिनचर्या में अपनाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूर–ष्टी के कारण भारत 175 देशों को योग से जोड़कर भारत को गुरु की भूमिका में सामने लाए है। उन्होंने कहा कि भारत के नेतृत्व में विश्व योग दिवस गर्व का विषय है। सीएम ने कहा कि सब योग करे स्वस्थ रहे मंगल कामना है। इस अवसर पर सीएम ने पौधारोपण किए और नालंदा परिसर का भूमिपूजन भी किए। प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी के लिए रायपुर की तर्ज में नालन्दा परिसर का भूमिपूजन जसपुर में किए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि अस्वस्थता की स्थिति में जेनरिक दवाइयों का उपयोग करे आर्थिक भार से बचे। एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील भी सीएम ने किया।

### विरासत में संतान को योग दे

समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि खुशहाल भविष्य के लिए संतान को विरासत में योग अवश्य दे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने की जो प्रेरणा दिए है वह पेड़ भविष्य में वट वृक्ष बनकर आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और मस्त रखेगी। 21 जून सबसे बड़ा दिन है और इस बड़े दिन में भारत ने विश्व को योग का बड़ा उपहार दिया।

### योग जीवन साधना है

छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि योग भाषण का विषय नहीं है योग तो आत्मसात करके जीवन को साधने विषय है उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जनहिकारी कर्मठ कार्यशैली की भूरी भूरी प्रसन्नता करते हुए उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किए। सिन्हा ने समाज के विकास में स्मरणीय मिशाल देकर प्रेरणा स्त्रेत बने छेत्र के महापुरुषों को मंच से नमन करते हुए स्मरण किए। योग को जनव्यापी बनाने के लिए रायपुर में योग –ष्टि सर्व सुविधा युक्त भवन कैंपस की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान प्रभावी ढंग से आकर्षित किए जिसे योग प्रेमियों कंठ मुक्त सराहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग प्रचार समिति मार्गदर्शक मंडल सदस्य, पाटन जनपद, वन सभापति प्रणव शर्मा, आसकरण जैन, शंकरदास, परमानन्द सिन्हा, चपका आश्रम संत शंकर जी राजकुमार बघेल, नीरज सिन्हा, मुरारीलाल, चंदन, छबि सहित संस्थाओं के सभी स्तर के लोग शामिल हुए।

**योग को जीवन में अपनाने की अपील की और निरोगी काया के लिए जरूरी बताया**

# जिला व ब्लाक मुख्यालयों और विद्यालयों में योगाभ्यास का शानदार आयोजन किया गया

**बालोद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को संपूर्ण बालोद जिला योगमय रहा। जिला मुख्यालय बालोद के अलावा जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकाय तथा शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों सहित जिले में आम लोगों ने अपने–अपने घरों में भी योगाभ्यास किया।

जिला मुख्यालय बालोद के इण्डोर स्टेडियम में जिला स्तरीय ग्यारहवें योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर थे, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, जनपद पंचायत के अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया के अलावा जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, पवन साहू, केसी पवार सहित जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा नागरिक, अधिकारी–कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा–अर्चना से किया गया। विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र संघ में योग की महत्व एवं प्रासंगिकता की जानकारी देते हुए विश्व योग दिवस के आयोजन का प्रस्ताव रखा था। दुनिया के 177 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था, जिसके फलस्वरूप संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी भारतवासियों को गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रयासों से योग को पूरे विश्व में पहचान दिलाकर आज भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर चन्द्राकर ने योग के महत्व एवं उद्देश्यों पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि योग हमारे भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता में समाहित है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम प्रत्येक शुभ कार्यों की शुरूआत विघ्नहर्ता भगवान गणेश के अराधना से करते है। उसी प्रकार हम सभी दिन की शुरूआत योगाभ्यास के माध्यम से करना चाहिए। इससे हमारा मन और शरीर दोनों स्वस्थ्य एवं उत्तम रहेगा। चन्द्राकर ने कहा कि योग के माध्यम से आज पूरी दुनिया में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। योग हमें अनेक प्रकार के विकारों से दूर रखने के अलावा हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करती है। योग हमें प्रकृति से जोड़कर प्रकृति से प्रेम करना भी सिखाता है। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से पूरी दुनिया में भारत की पहचान स्थापित होने के अलावा आज योग लाखों लोगों के लिए रोजगार का जरिया भी बन गया है। चन्द्राकर ने कहा कि योग केवल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक दिन करने वाला अभ्यास नही है, वरन् योग को हमें अपनी प्रतिदिन दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में वनों के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए सभी लोगों को 'एक पेड़ के माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत अनिवार्य रूप से पौधारोपण कर उसका देखभाल के भी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी नागरिकों को सन् 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लेकर इस दिशा में पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपील की। मुख्य अतिथि चन्द्राकर ने लोगों को योग को अपने दिनचर्या का आधार बनाने तथा नियमित रूप से योगाभ्यास कर एक स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन की स्थापना कर अपने भीतर की सकारात्मक ऊर्जा को विश्व कल्याण के लिए समर्पित करने की शपथ भी दिलाई।





### आसनों के महत्व एवं उपयोगिता की जानकारी दी

इस अवसर पर योगाचार्य पुरूषोत्तम राजपूत एवं अन्य योगाचार्यो के द्वारा उपस्थित लोगो को सामूहिक योगाभ्यास कराते हुए प्रत्येक आसनों के महत्व एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी। योगाभ्यास की शुरूआत पवित्र ओंकार मंत्र के उच्चारण के साथ किया गया। इसके पश्चात ग्रीवा चालन, हस्त चालन, कटिचालन, ताड़ासन, वृक्षासन के अलावा बैठकर किए जाने वाला आसन वज्रासन, मंडूकासन, दण्डासन, पद्मासन के साथ–साथ पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसनों का भी अभ्यास किया गया। इसके अंतर्गत अर्धहलासन, उतंगपाद आसन के अलावा पेट के बल पर किए जाने वाले आसनों के अंतर्गत भूजंगासन, शल्भासन आदि का अभ्यास किया गया। इसके पश्चात प्राणायम के अंतर्गत अनुलोम–विलोम, कपाल भांती, भ्रामरी प्राणायाम भी कराया गया। अतिथियों के द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत इण्डोर स्टेडियम परिसर में पौधारोपण किया गया।

# पूर्व विधायक सिन्हा के जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने लगा तांता



**गुरूर।** पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा का 21 जून को उनके जन्मदिन पर उनसे मिलने बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उनके निवास एवं कार्यालय पहुंचे। कार्याकर्ताओ एवं ग्रामीणो मे ऐसा उत्साह था कि सुबह से देर शाम तक उनसे मिलने का क्रम लगातार चलता रहा।

अपने पूर्व विधायक को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए जेवरतला, नारागांव, बोहारा, सनौद, पलारी सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामो के ग्रामीण वाहनो से पहुंचे। जेवरतला के ग्रामीण एक बस करके भैयाराम से मिलने पहुंचे। ग्रामीणो एवं कार्यकर्ताओ ने कहा पूर्व विधायक भैयाराम एवं वर्तमान विधायक संगीता सिन्हा लगातार उनके लिए संघर्श कर रहे है। कुछ ग्रामीणो ने कहा भैयाराम सिन्हा ने उनके परिवारिक विवादो का भी ऐसा समाधान किया कि हम भाई अब मिलकर प्रेमपूर्वक रहने लगे है। ग्रामीणो ने कहा विपक्ष का विधायक होकर भी वर्तमान व पूर्व विधायक ग्रामीणो के सुख दुख मे सदा साथ देते है। वे उनके सामाजिक ही नही बल्कि परिवारिक समस्याओ का भी सकारात्मक समाधान देते है। जिससे हमारे घर परिवार मे शांति व भाई चारा उत्पन्न हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओ मे भी जबरदस्त उत्साह दिखा। पंचायत चुनाव के बाद लगभग 4 माह से कांग्रेस कार्यकर्ता उदासीन दिखे लेकिन 21 जून को विधायक कार्यालय मे उत्सव व उत्साह का माहौल था। दोपहर 1 बजे के बाद पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा बालोद गुरूर मे वरिष्ठजनो से मिले। उनका आर्शीवाद लिया एवं फलो का वितरण किया एवं जरूरतमंदो को सामग्री प्रदान की। इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा भी लगातार आम जनता व कार्यकर्ताओ से मिलती रही।

**पीएम मोदी ने भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने का किया कार्य : देशमुख**

# सुशासन के 11 वर्ष पर बालोद में राष्ट्र निर्माण और जनजागरण को समर्पित आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कबीर मंदिर, शिकारीपारा में राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच द्वारा प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

यह आयोजन भारत सरकार की उपलब्धियों के प्रचार–प्रसार और समाज के विभिन्न वर्गों को इससे जोड़ने हेतु किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के सदस्य यशवंत जैन, महामंत्री राकेश छोटू यादव, साहित्यकार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त श्रजगदीश देशमुख सहित अनेक मंच पर उपस्थित थे।

मुख्य वक्ता रंजना साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, महिला सशक्तिकरण और पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने जैसी उपलब्धियां हम सभी के लिए गर्व का विषय हैं। मोदी सरकार की सोच दूरदशाएं है। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के सदस्य यशवंत जैन ने कहा आज देश के हर नागरिक को न केवल अपने अधिकार, बल्कि कर्तव्यों का भी पालन करना होगा।

जब 140 करोड़ लोग सरकार की योजनाओं के साथ कदम मिलाकर चलेंगे, तभी सच्चे मायनों में भारत विश्वगुरु बन सकेगा। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त शासन, सांस्कृतिक जागरण और देश की सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष चमन देशमुख ने कहा 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने का कार्य किया है। कार्यक्रम समाज के प्रोफेशनल वर्ग को सरकार की उपलब्धियों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

उन्होंने वन नेशन, वन इलेक्शन, जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर भी समाज की सकारात्मक सहभागिता की सराहना की। साहित्यकार जगदीश देशमुख ने कहा मोदी केवल प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के एक वैचारिक अध्याय हैं। जैसे विवेकानंद ने भारत की आत्मा को जागृत किया था, वैसे ही मोदी जी ने भारत की चेतना को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई है। ऑपरेशन सिंधु हो या आतंकवाद पर सख्ती, मोदी युग भारत के ओज, तेज और साहस का परिचायक बन गया है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन भाजपा जिला महामंत्री राकेश 'छोटू' यादव ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच के वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश देशमुख, पेंशनधारी कल्याण संघ अध्यक्ष डॉ. आरएम. चावड़ा, सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी डीआर गजेंद्र, सेवानिवृत्त प्राचार्य बीआर बेलसर सहित अनेक विशिष्टजन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में ओंकार प्रसाद साहू, अधिवक्ता राम सहाय साहू, अधिवक्ता संगीता बाला शर्मा, आरके. साहू, चोवाराम निषाद, सुरेंद्र कुमार ताम्रकार, कन्हैयालाल कौशिक, आईएन. योगी, डीडी साहू, कृष्ण कुमार ठाकुर, घनश्याम सिंह साहू, सेवन कुमार साहू, जय सिंह ठाकुर, श्रवण टावरी, ओमप्रकाश टाटिया, पुनीतराम देशमुख, नरेश आहूजा, चंदन सिंह, अधिवक्ता नर्मदा निषाद, अधिवक्ता सोनम यादव, अधिवक्ता नीतू सोनवानी उपस्थित थे।

---

## पेज 13 के शेष

### निरोगी काया और...

इस भौतिक शरीर को संचालित करने वाली चौतन्य सत्ता 'आत्मा' को स्वस्थ और पवित्र बनाते हुए परमात्मा से मिलन कराकर सच्ची सुख, शान्ति और खुशी की अनुभूति करा सके। ब्रह्माकुमारीज संस्था में सिखाया जाने वाला राजयोग भारत का सबसे प्राचीन और परमात्मा द्वारा सिखाया गया योग है। यह आत्मा में व्याप्त दुःख और पाप के पांच मूल कारणों काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार को दूर करने वाला एकमात्र योगाभ्यास है, जबकि कोई भी प्रचलित योगासन ऐसा नहीं है जो मन को मोह या अहंकार से मुक्त कर सके। वर्तमान समय में ऐसे ही योगाभ्यास की आवश्यकता है जो मनुष्य के मन को स्वस्थ और निरोग बना सके। क्योकि श्रीमद् भगवतगीता में एक बात बहुत ही स्पष्ट रूप से कही गई है, मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु और सबसे बड़ा मित्र उसका मन ही होता है। जब मनुष्य की मनोदशा अर्थात मन की दशा सकारात्मक होती है, तो मन परमात्म अनुभूति का माध्यम बनकर जीवन के महान लक्ष्य जीवनमुक्ति की अनुभूति कराने का साधन बन जाता है। परन्तु जब मनुष्य के मन की दशा नकारात्मक होती है तो मन जीवन में रोग, शोक और दुःख का कारण बन जाता है, इसलिए मन को स्वस्थ और प्रसन्न बनाने वाला योग ही यथार्थ योग है और इससे ही जीवन में सच्ची सुख, शान्ति और खुशी आती है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महिला ...

भी निवेदन करती हूं कि वे अपने जीवन में योग को अपनाए और निरोग, चिंता मुक्त रहने का प्रयास करे। इस कार्य में भीमेश्वरी शांडिल्य, ममता देवांगन, पुष्पा साहू, दामिन देशमुख, जागेश्वरी देशमुख तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### स्वादिष्ट भोजन नहीं ...

विवेचना में लिया गया।

**पुलिस टीम ने की मशक्कत:** प्रकरण मे तीन टीम तैयार किया गया, तीनो टीम का नेतृत्व क्रमशः थाना प्रभारी गुरूर, थाना प्रभारी पुरूर, सायबर सेल प्रभारी कर रहे थे। आरोपी की जानकारी तकनीकी साक्ष्य से एकत्रित की गई आरोपी का लोकेशन कांकेर जिला के चारामा क्षेत्र मे प्राप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार तीनो टीम से संपर्क कर अपडेट लेकर मार्ग दर्शन कर रहे थे, तकनीकी साक्ष्य के मदद से यहा पता चला कि आरोपी माकडी ढाबा के पास है, टीम तत्काल मौके पर पहुच कर आरोपी को हिरासत मे लेकर पुछताछ करने पर पता चला कि वह दीगर राज्य भागने प्लान कर रहा था।

### तरौद में दूषित पानी से ...

वार्ड में करीब 20 साल पुरानी पाइपलाइन के जरिए पानी की सप्लाई होती है। इसी पाइपलाइन में लीकेज की आशंका जताई जा रही है। वही बोर का पानी भी दूषित हो सकता है, वार्ड में बोर के पानी के उपयोग पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी गई है। फिलहाल पीएचई विभाग की टीम द्वारा जांच किया जा रहा है। एक माह से नल के पानी में आ रहा था कीड़ा, जिम्मेदार नहीं दिए ध्यान ग्रामीणों ने बताया कि, पिछले एक महीने से नल के पानी में कीड़े निकल रहे थे। जिसकी शिकायत भी की गई थी। लेकिन किसी जिम्मेदार अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। गंदे पानी की वजह से लोगों को पीने और इस्तेमाल में भारी परेशानी हो रही थी। अब जब एक व्यक्ति की मौत हो गई, तब प्रशासन सक्रिय हुआ है। उन्होंने बताया कि लोग गुरुवार से ही अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं और मौत की खबर के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाज के लिए प्राइवेट अस्पतालों की ओर दौड़े हैं।

**खबर संक्षेप**

## धोबी समाज सांकरा का हुआ परिचय सम्मेलन

**बालोद।** झेरिया धोबी समाज सांकरा जगन्नाथपुर राज द्वारा प्रथम वर्शीय अधिवेशन महिला सम्मेलन एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन 2025 का आयोजन 23 जून को प्रातः 11 बजे से ग्राम पिरिद मे किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बालोद चेमन देशमुख रहेंगे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष झेरिया धोबी समाज सूरज निर्मलकर करेंगे। वि"ाश अतिथि पूर्व विधायक गुण्डरदेही बिरेन्द्र साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना उमाशंकर साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरूशोत्तम चन्द्राकर, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही नितिश मोंटी यादव, भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष ओटेबंद कुलदीप साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुण्डरदेही धारा पंकज चौधरी, सदस्य जनपद पंचायत गुण्डरदेही गौरी उत्तम निशाद, पूर्व सदस्य जनपद पंचायत बालोद छगन देशमुख, पूर्व सदस्य जनपद पंचायत गुण्डरदेही लाजपत साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कुरदी पूनम संजय साहू, सरपंच ग्राम पंचायत चौरेल पूजा नितिश मोंटी यादव, सरपंच ग्राम पंचायत कोंगनी सगेश्वरी तामेश्वर निशाद, सरपंच ग्राम पंचायत कमरौद सुंदर देवदास निशाद, सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा लता नारद चुरेन्द्र, सरपंच ग्राम पंचायत पिरीद रूपोतीन रमेश साहू तथा पदाधिकारी के साथ सदस्य उपस्थित रहेगे।

## बीकॉम द्वितीय वर्ष के नतीजे की पुनः जांच की मांग, ज्ञापन सौंपा

**बालोद।** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के बी कॉम द्वितीय वर्श मार्च अप्रैल 2025 मे हुए परीक्षा परिणाम की पुनः जांच करने की मांग करते हुए भाजपा युवा नेता अभिनव यादव ने उपाध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्राकर को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन मे कहा गया है कि शासकीय घन"याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के बी कॉम द्वितीय वर्श मार्च अप्रैल 2025 मे हुए परीक्षा परिणाम बहुत ही निराशा जनक है। परीक्षा परिणाम को देखते हुए लगता है कि उत्तर पुस्तिका को जांचने मे बेहद लापरवाही हुई है। अधिकांश छात्र छात्रओ को अलग अलग विशयो मे 0 अंक, 1 अंक व 2 अंक प्राप्त हुआ है। यह अंक विश्वविद्यालय प्रशासन पर उत्तर पुस्तिका जांचने मे गड़बड़ी को दर्शाता है। ज्यादातर छात्र छात्रओ को तीन से चार विशयो मे फेल कर दिया गया है। जो कि छात्र छात्रओ के मनोबल को तोड़ता है। साल भर मेहनत करने वाले छात्र छात्राएं इस परिणाम से असंतुष्ट है। इसलिए उत्तर पुस्तिका पुनः जांच किया जावे। ताकि छात्र छात्रओ के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो और उन्हे उनके मेहनत के अनुसार मिल सके। ज्ञापन सौपने के दौरान अन्य छात्र उपस्थित थे।

**निधन**

## छाया किरण साहू

**अंडा।** दूर्ग ब्लाक के ग्राम कुथरेल (अण्डा) निवासी डॉ. जितेंद्र साहू की पुत्री छाया किरण (पूजा) साहू का शुक्रवार को निधन हो गया ।जिसका अंतिम संस्कार 21जून की सुबह 10बजे मुक्तिधाम कुथरेल में किया गया। वह डॉ नीलकंठ साहू, पूर्व सरपंच लोकनाथ साहू, नूतन साहू, पोषण साहू की नातिन व अंचल साहू, गिरीश, डॉ विमल, विश्वजीत, प्रमोद साहू, सूर्यकांत साहू की भतीजी थी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### आयोजन : आईटीआई के योगाभ्यास कार्यक्रम में का आयोजन किया गया

# मानसिक व आत्मिक शुद्धि का मार्ग भी प्रशस्त करता है योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

विश्वभर में मनाए जा रहे 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) दल्लीराजहरा में भव्य और प्रेरणादायी योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना था, बल्कि मानसिक और आत्मिक शुद्धि का मार्ग भी प्रशस्त करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख अधीक्षक के.के. दुबे ने की, वहीं योगाचार्य के रूप में प्रशिक्षण अधिकारी श्री वीरेंद्र कुमार बघेल ने उपस्थितजनों को योगाभ्यास कराया और योग के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री बघेल ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा, /"योग भारत की हजारों वर्षों पुरानी संस्कृति और सभ्यता का अमूल्य धरोहर है, जो आज वैश्विक पटल पर नए स्वरूप में पुनः प्रतिष्ठित हो रही है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने की विधा नहीं है, यह मानसिक संतुलन, आत्मिक शांति और सामाजिक सद्भाव का सेतु भी है।/"उन्होंने भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए कहा, /"योगः कर्मसु कौशलम्/" अर्थात योग के माध्यम से हम अपने कर्मों में दक्षता प्राप्त करते हैं और





एक समृद्ध, सशक्त जीवन की ओर बढ़ते हैं। कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों को योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया, जिनमें ताड़ासन, कटिचक्रासन, ग्रिवा चालान, पाद संचालन, स्थितकोणासन, मंडूकासन, वृक्षासन प्रमुख रहे। प्राणायाम सत्र में भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी आदि के माध्यम से श्वसन तंत्र को सशक्त करने और मानसिक शांति प्राप्त करने के उपाय बताए गए। इस आयोजन में संस्था के प्रशिक्षकों और कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रमुख रूप से चंद्रप्रकाश कश्यप, शिवेंद्र कुमार यादव, प्रवीण कुमार सिन्हा, टिकेश्वर साहू, फनिल साहू, शिल्पी वर्मा, गीतू गौतम, गीतांजलि, संतोष कुमार चौधरी और दिलीप गजभिए की सक्रिय सहभागिता रही। सभी प्रशिक्षार्थियों ने अनुशासित एवं जागरूकता पूर्ण सहभागिता के साथ योगाभ्यास कर इस दिवस को सार्थक बनाया। इस कार्यक्रम ने यह सिद्ध किया कि औद्योगिक प्रशिक्षण जैसी तकनीकी संस्थाएं भी योग जैसे प्राचीन और वैज्ञानिक पद्धति को अपनाकर समग्र विकास की ओर अग्रसर हैं। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम को साकार करने वाला यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणा स्रोत बना।



## आदिवासी ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के शास.मा.शाला मडियाकट्टा के राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं अपने परिवार के साथ नियमित रूप से योग का अभ्यास कर अपने जीवन में योग को शामिल करने संकल्प और दोस्तों को भी स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग को अपनाने के लिए शपथ लेता हूं। डौण्डी लोहारा विकास खण्ड आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विभिन्न योग आसान कराकर मनाया गया। इस वर्ष 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह धूमधाम उत्साह के साथ मनाया जा रहा है, जिसका विषय है ,एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग, जो इस महत्वपूर्ण सत्य को प्रतिध्वनित करता है कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और ग्रह स्वास्थ्य अविभाज्य रुप जुड़े हुए है। योग शरीर को मजबूत बनाता है,मन को शांत करता है और दैनिक जीवन में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाता है।यह जागरूकता व्यक्ति को स्वस्थ और अधिक टिकाऊ जीवन शैली चुनने का अवसर देती है। और खुद की देखभाल करने से हम पृथ्वी की देखभाल करना शुरु कर देते है, जो वसुधैव कुटुम्बकम के स्थायी भारतीय लोकाचार को दर्शाता है,दुनिया एक परिवार है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उद्देश्य को भी र प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में योग के अभ्यास और उसके लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है ।यह दिन शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने और लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का एक मंच है, इस अवसर ग्राम पंचायत के सरपंच आनंद राम रावटे, उपसरपंच भगवानीराम सिन्हा,सोमजी, रंजीत मण्डावी, पेमीन, वंदना, अंजली, टिकेश्वरी देशमुख, सुखेन्द्र सहारे, शिक्षक नारदराम भुआर्य, सुनील कुमार अलेन्द्र, दीनदयाल अटल, गांधीराम बघेल, भूमिका मोवाड़े सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पीएम श्री प्राशा संबलपुर में विद्यार्थियों ने हलासन भुजंगासन, अनुलोम-विलोम का किया अभ्यास



**डौंडीलोहारा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में विश्व योग दिवस के अवसर पर शाला में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग शिक्षिका श्रीमती सुरेखा अटल ने छात्रों को योग के महत्व और इसके लाभों के बारे में बताया।योग शिविर में छात्रों ने सुख आसन, हलासन, हंसाशन, मकरासन, भुजंग आसन, सिंहासन, तितली आसन,चक्की चालन योग आसनों और अनुलोम विलोम, कपाल भाती, भ्रामरी प्राणायाम, वृक्षासन एवं ताड़ासन का अभ्यास किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक श्रीमती वीणा ठाकुर ने कहा कि योग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह हमें तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन जीने में मदद करता है। शाला के छात्रों ने योग शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के महत्व को समझा। इस अवसर पर शाला के शिक्षकों ने भी छात्रों को योग के बारे में जानकारी दी और उन्हें नियमित योग अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। विश्व योग दिवस के अवसर पर शाला की गतिविधियाँ योग शिविर का आयोजन,योग आसनों और प्राणायाम का अभ्यास,योग के महत्व और इसके लाभों के बारे में जानकारी, छात्रों को नियमित योग अभ्यास करने के लिए प्रेरित करना शाला की अपील शाला प्रबंध समिति के सदस्य वीरेंद्र निरोटी ने सभी छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे नियमित योग अभ्यास करें और स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें ।साथ में दस दिवसीय समर कैंप के आयोजन में सहयोग लिए प्रशिक्षक कामेश साहू,करण तारम ,स्नेहा जैन,श्रीमती सुरेखा अटल को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर एवं समर कैप में नियमित उपस्थित रहने वाले छात्राओं को भी प्रमाण पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। योगदिवस के अवसर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य श्रीमती टिकेश्वरी साहू शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष गंगा राम निषाद, शिक्षाविद वीरेंद्र निरोटी, शिक्षक अनिल दिल्लीवार, सुनीता साहू ,बसंती पीकेश्वर, राबिन नागवंशी सर एवं पालकगण उपस्थित रहे।

# जिलेभर में जगह-जगह सामूहिक योगाभ्यास का किया आयोजन

**दल्लीराजहरा।** "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम पर हुआ आयोजन, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने लिया भाग दल्लीराजहरा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज बालोद जिले के विभिन्न क्षेत्रों दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग/" की थीम पर आयोजित इन कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, चिकित्सा कर्मचारियों से लेकर आम नागरिकों तक सभी वर्गों की भागीदारी देखने को मिली। दल्लीराजहरा क्षेत्र सहित जिले के सभी विकासखंडों में शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों, ग्राम पंचायत मुख्यालयों, विद्यालयों और चिकित्सालयों में व्यापक स्तर पर योगाभ्यास हुआ। दल्लीराजहरा, डौण्डी विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ठेमाबुजुर्ग में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर योग की आकृति प्रस्तुत की और शिक्षकों व ग्रामीणों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। वहीं दारूटोला की शासकीय प्राथमिक शाला में योगाभ्यास के उपरांत वृक्षारोपण का आयोजन भी किया गया। ग्राम पंचायत धोमितटोला में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित सभी ने मिलकर





योगाभ्यास कर यह संदेश दिया कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग को दैनिक जीवन में अपनाना जरूरी है। **अंकुरित चना, मूंग और आयुर्वेदिक काढ़ा वितरितः** इसी क्रम में दल्लीराजहरा शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय चिखलाकसा में भी विशेष योग सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत चिखलाकसा के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, चिकित्सालय के स्टाफ, विद्यालयीन शिक्षक-विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को योग सत्र के बाद गुड़, अंकुरित चना, मूंगदाल और आयुर्वेदिक काढ़ा वितरित किया गया। नगर पंचायत क्षेत्र के बैडमिंटन ग्राउंड में आयोजित योग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए। सभी ने मिलकर सामूहिक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर लोगों को योग को अपनी जीवनशैली में नियमित रूप से शामिल करने का संकल्प दिलाया गया।जिलेभर में हुए इन आयोजनों ने यह संदेश दिया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और सामूहिक एकता का भी प्रतीक है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सेजस परिसर में हुआ भव्य योग आयोजन



**कुसुमकसा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी मण्डल कुसुमकसा में योग दिवस सेजस परिसर में मनाया गया। जिसमे मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा, जिला प्रतिनिधि राकेश द्विवेदी, भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष गोपाल साहू ,भाजपा मंडल के महामंत्री मितेंद्र वैष्णव, भाजपा मंडल के महामंत्री पोषण भुआर्य भाजपा मंडल के मंत्री संजय बैस, भाजपा मण्डल के आईटी सेल के प्रभारी पंकज जेठवानी भाजपा कार्यालय प्रभारी संतोष जैन ग्राम पंचायत के सरपंच वेद बाई पिस्दासहित प्राचार्य सुनीता यादव, व्याख्याता गण गीता गुप्ता, चंद्रकला सक्सेना, उमा त्रिपाठी, अशोक कुमार सिन्हा, आर के आवडे, इंद्राणी मुखर्जी, कृतिका साहू , आशा प्रधान किरण झा, सावित्री स्वर्णकार, दीपमाला जोशी, रंजना खोबरागड़े,जनक साहू , दीपमाला जोशी, जनक साहू , देहूति कोठारी, शीतल नायक,रंजना खोबरागड़े, तामसिंग पारकर, भारत लाल नायक, चंद्र भूषण डाहरे, डॉली मेश्राम, विजयलक्ष्मी साहू, उमेश सिन्हा ग्रामीण जन जनप्रतिनिधि सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहे

# बेलोदी स्कूल में योग विद्या की जानकारी दी और विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास



**लाटाबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलोदी मे 21 जून को विश्व योग दिवस के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवहान पर विश्व योग दिवस का आयोजन प्रातः 7 बजे किया गया इस अवसर पर योग प्रभारी कैलाश कुमार साहू एवं सेवानिवृत शिक्षक जे आर साहू द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन का अभ्यास कराया गया जिसमें कपाल भाती अनुलोम विलोम भ्रमरी तड़ासान मण्डदूक एवं व्यायाम कराया गया उपरोक्त कार्यक्रम मे उपस्थित ग्राम पंचायत बेलोदी के सरपंच कुमुदनी साहू शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलोदी के अध्यक्ष श्यामलाल मंडावी एवं सदस्य नोहर साहू एवं शाला के प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग और व्यायाम करके हम सभी अपनेशारीरिक एवं मानसिक विकास कर सकते है तथा सदा के लिए स्वस्थ रह सकते है इसलिए हम सभी को अपने शरीर एवं स्वस्थ को निरोगी बनाये रखने के प्रतिदिन 15 मिनट योग और व्यायाम जरूर करना चाहिए।

### स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास

स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता जो हमें सोचने समझने एवं ज्ञान अर्जन करने मे बहुत अधिक मदद करता है अतः हम सभी सकल्प ले कि हम योग और व्यायाम को अपने दिनचर्या मे शामिल करे और हमेशा स्वस्थ एवं निरोगी रहे साथ ही योगाअभ्यास के पश्चात उपस्थित सदस्यों के द्वारा शाला परिसर मे पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने के उद्देश्य से माँ के नाम एक पेड़ के अंतर्गत शाला में तीन पेड़ लगाया गया इस अवसर पर ग्राम पंचायत बेलोदी के सरपंच कुमुदनी साहू सचिव नेत राम निषाद शाला विकास समिति के सदस्य श्याम लाल मंडावी सदस्य नोहर साहू नेत राम साहू होलेश्वर साहू श्याम लाल मंडावी सेवानिवृत शिक्षक शेषनारायण साहू पूर्व उपसरपंच राधे साहू प्रेमसूख साहू सुनील कुमार पंच चंद्रशेखर साहू चेतन साहू दुष्यंत कुमार उमेश कुमार तथा ग्राम बेलोदी के महिला कमांडो के सभी सदस्य एवं अन्य ग्रामवासी के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू ज्योति सोनी प्रीति गणवीर प्रीति मंडावी बी लहरे गीता वर्मा प्रज्ञा तिवारी कैलाश कुमार साहू विज्ञान सहायक ईश्वरी साहू प्रीति साहू एवं शास प्राथमिक शाला पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलोदी के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे उपरोक्त जानकारी शाला के व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू ने दी।

# टटेंगा विद्यालय के में योगाभ्यास में पालक शिक्षक व छात्र हुए शामिल

**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग का विशाल आयोजन किया गया। जिसमें विद्याथएँ, शिक्षक, पालक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम मे जिला उपाध्यक्ष भाजपा किशोरी साहू, अध्यक्ष देवरी विवेक वैष्णव मंडल, उपाध्यक्ष किसान मोर्चा जिला बालोद रमेश सोनवानी, जनपद पंचायत सदस्य टूमन साहू, जनपद सदस्य डौंडीलोहारा दुलारी देवांगन, शिव धर्मगुडे मछली बोर्ड के प्रदेश मंत्री, रामप्रताप व उपाध्यक्ष मंडल देवरी राम लाल नायक, पूर्व सरपंच टटेंगा उत्तम साहू, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष पोषण देवांगन, मंत्री भाजयुमो जिला बालोद शुभम देवांगन, अध्यक्ष एसएमडीसी प्राथमिक शाला टटेंगा शेखर उर्वशा, जागेश्वर, देवेंद्र, विधायक प्रतिनिधि पुरुषोत्तम उर्वशा, पुरुषोत्तम वासनिक, रीखी राम साहू, सरपंच टटेंगा दीप्ति साहू, इंद्राणी हिरवानी, ममता साहू, प्राचार्य आरके देवांगन, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक डीके मोहनमाला और प्राथमिक शाला प्रधान पाठक लिखन राम सरपा, संकुल समन्वयक लीलेंद्र देवांगन के साथ पूरा स्टाफ शामिल हुआ। इस दौरान हर्षा देवांगन एवं मोहनमाला के द्वारा विभिन्न योगाभ्यास जिसमें ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, त्रिकोणासन, वज्रासन, मकरासन, वृक्षासन, ताड़ासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम का अभ्यास कराए गए।

व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि अंत में शाला विकास समिति के अध्यक्ष टुमन साहू ने योग दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी और कहा कि योग का मानव जीवन में बड़ा महत्व है, योग का अर्थ होता है, जोड़, योग से व्यक्ति अपनी सारी इंद्रियों को अपने वश में कर लेता है अर्थात अपनी आत्मा से जोड़ लेता है, तो उसे परमानन्द की प्राप्ति होती है। वह मन वचन कर्म से पवित्र हो जाता है। अंत में उन्होंने सभी के लिए सुख शान्ति की कामना की।

प्राचार्य आर के देवांगन ने कहा कि योग का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। योग से व्यक्ति अपनी सारी इंद्रियों को अपने वश में कर लेता है अर्थात अपनी आत्मा से जोड़ लेता है, तो उसे परमानन्द की प्राप्ति होती। कुछ विद्वान वैदिक मंत्रें की रचना में योग के सतत अभ्यास की भूमिका की भी बात कहते हैं। जिसे पतंजलि ने ऋतुम्भरा प्रज्ञा कहा है। इस कार्यक्रम में चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश रावटे, वेद प्रकाश साहू, चंद्रभान देवांगन, नेहा साहू, गायत्री देवांगन, ख़ोमिन साहू, संजय साहू, लीकेश्वरी भंडारी के बड़ी संख्या में पालक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# यादव कालेज योग दिवस पर किया योगाभ्यास

**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आधारित योग प्रदर्शन का आयोजन किया गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने अपने गांव एवं घर में योग अभ्यास किया एवं योग के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया। गुण्डरदेही में आयोजित तहसील स्तरीय योग प्रदर्शन में महाविद्यालय के छात्र–छात्रएं एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने कहा कि योग सभी को स्वस्थ रहने के लिए लिए जरूरी है। छात्र–छात्रओं के लिए विशेष उपयोगी है। योग करने से छात्र–छात्रओं में एकाग्रता बढ़ती है एवं लक्ष्य को पाने में सहायक होती है। योग को हमें प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.केडी.चावले, डीएस. सहारे, आरपी. निषाद, डॉ. अभिषेक कुमार पटेल, डॉ. आशीष कुमार भुई, शिखा श्रीवास्तव, ऋतु सोरी, महाविद्यालयीन कर्मचारी एवं छात्र–छात्रएं योग प्रदर्शन में सम्मिलित हुए। योग प्रदर्शन आरपी. निषाद के निर्देशन में संपन्न हुआ।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography) | BCA (AICTE Approved)
BSc (Maths CS/Bio) | DCA
BCom | PGDCA
MCom | MSW
MSC (Chemistry/CS) | B.Lib
PG Diploma in YOGA
Anda, Durg
9575037637, 6265377477
7880172431, 7880172432

खबर संक्षेप



## धनगांव संकुल डौंडीलोहरा में योग दिवस मनाया गया

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय धनगांव संकुल डौंडीलोहरा में 11वी अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, योगाचार्य विशम्भर सिंह बगमरिया ने बताया कि योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की क्रिया है तथा योग के आठ अंग बताये गये, यम, नियम, आसान, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि इस आठ अंगो का पालन करते हुए योग करने से आत्मिक सुख शांति प्राप्त होती हैं, तथा स्वास्थ्य निरोग रहता है, प्राथमिक विद्यालय धनगांव मे 87 बच्चो ने योग मे भाग लिया जिसमें सूर्यनमस्कार, अनुलोम विलोम, कपाल भाती, भस्त्रिका प्राणायाम, नाड़ी शोधन प्राणायाम, सर्वांग आसन, वज्रासन, शशांक आसन, भ्रमारी कराया गया, सभी बच्चों ने प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया, इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रधान पाठक श्रीमती विद्यावती साहू, श्रीमती धनेश्वरी सोनवानी, नेतराम पटेल सहायक शिक्षक, सरपंच रघुवीर पटेल, एस.एम. सी.अध्यक्ष अवधगिरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष मलेश पटेल, भूतपूर्व सरपंच तोषण कुमार चुरेन्द्र,अशोक कुमार भुआर्य, जनक मानकर, पुहुप राम रावटे आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा तथा शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सत्यसाईं जन्म शताब्दी वर्ष पर उमड़ा जनसैलाब



**गुण्डरदेही।** श्री सत्यसाईं जन्म शताब्दी वर्ष पर प्रेम वाहिनी रथ का आगमन गुण्डरदेही नगर में हुआ। जहां नगरवासियों ने श्रद्धा भक्ति एवं उमंग के साथ रथ का स्वागत कर दर्शन लाभ लिए। भगवान सत्यसाईं के प्रेम, करुणा, दया एवं मानव सेवा के उदाहरण को साईं भक्तों द्वारा बखान किया गया। नर सेवा ही नारायण सेवा है, जिसका साक्षात उदाहरण रायपुर के सत्यसाईं अस्पताल जहां निःशुल्क हार्ट का इलाज किया जाता है, सभी मनुष्यों के लिए यह उपकारी सिख है। प्रेम वाहिनी रथ के साथ चुनूराम चंद्राकर, खुमान साहू, अनिल कटहरे, लोचन सिन्हा, केशव राम साहू, टीकम साहू, राजेंद्र साहू, मानसिंह सार्वा, दीप लता नेताम, झरना चंद्राकर, तीरथ यादव, नीरा चंद्राकर, रामबाई, उर्मिला बंजारे बड़ी संख्या में महिला पुरुष सम्मिलित हुए सम्मिलित। इस अवसर पर उपपंजीयक शशि पात्रे और उनके सहायोगी दस्तावेज लेखक द्वारा बरगद के पौधे रोपे गए।

## मोबाइल पार करने वाला एक युवक पकड़ाया

**भिलाई।** शराब दुकान के पास से मोबाइल को पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सडक 14 जोन 1 मार्केट सोनिया गांधी नगर निवासी निखिल कुमार पाठक शराब खरीदने नंदिनी रोड पर स्थित दुकान गया था। अज्ञात ने उसके मोबाइल को पार कर मौके से फरार हो गया।

योग

## 300 से अधिक विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पीएमश्री सेजेस गुरूर विद्यालय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः विद्यालय प्रांगण में हुआ। इस कार्यक्रम में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विशाखापट्टनम से किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री का उद्बोधन भी सम्मिलित था। इसके पश्चात लगभग 45 मिनट का सामूहिक योग अभ्यास कराया गया। विद्यार्थियों ने योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों के बारे में जाना। सभी छात्र-छात्राएं योग के उपयुक्त वस्त्रें में समय पर उपस्थित होकर विभिन्न योग आसनों में सक्रिय रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम मे सभी प्रतिभागियों को योग के महत्व को समझने और दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा मिली।

# प्रधानमंत्री के संबोधन के साथ गुरूर विद्यालय में मनाया गया योग दिवस, विद्यार्थियों ने जाना योग का महत्व





## विद्यालय अरकार में योग दिवस पर युवाओं व शिक्षकों ने किया योगाभ्यास



**गुरूर।** ग्राम पंचायत अरकार में विश्व योग दिवस शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में मनाया गया। जिसमें शाला विकास समिति के अध्यक्ष तखत राम जामरे, सरपंच खेमलाल देवांगन, उप सरपंच मनोज कुमार ठाकुर, तोरनलाल साहू, दिलीप केसरवानी, पूनमचंद साहू, चुम्मन विश्वकर्मा, लखनलाल, आंनद साहू, यशवंत साहू, डीडी साहू, गौतम साहू, साकेत व गांव के सभी युवा साथीगण, विद्यालय के सभी शिक्षकगण, शिक्षिका बहने, आयुर्वेदिक औषधालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास



**बालोद।** दानीटोला में स्थित भारत इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्र–छात्रओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें गुरु पवन कुमार साहू बालोद द्वारा बीएससी नर्सिंग के सभी छात्र–छात्रओं को योग माध्यम से, पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, अर्ध–मत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, गोमुखास, अर्धहलासन, हलासन, सर्वांगासन, विपरीतकणएं आसन, पवनमुक्तासन, नौकासन, शवासन जैसे आसन का आभ्यास कराया गया। जिसमे कॉलेज के प्राचार्या डॉक्टर सिजो कोशी एवं भारत इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डेनियल दीपक मसीह के नेतृत्व में शिक्षकों द्वारा आयोजन किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग प्रशिक्षण का आयोजन



**गुरूर।** भाजपा मंडल मिरएं टोला पुरूर में एक दिन पूर्व प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प सेवा सुशासन और गरीब कल्याण 11 साल की उपलब्धि पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर योग शिक्षक टिकेश्वर साहू, मोरध्वज साहू के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं एवं जनता को योग कराया गया एवं योग और आध्यात्म की बाते बतलाई गयी। इस अवसर पर मंडल टुकेश्वर पांडेय, संयोजक त्रिलोकी साहू, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, उपाध्यक्ष मेहत्तर नेताम, हेमशंकर साहू, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदिप साहू, कोषाध्यक्ष प्रहलाद साहू, मीना साहू, आरती सोनबरसा, कुमारी बाई साहू, रेणुका गजेन्द्र, गंगा टंडन, यादराम साहू, केजू साहू, द्वारका सिन्हा, हेमंत साहू, शैलेंद्र सोरी, नेमसिंह कौशिक, संजय साहू, सत्येंद्र साहू, मिथलेश साहू, इंद्रसेन गजेंद्र, तीरथ साहू, विशंभर साहू, कुलेश्वर साहू, राजेंद्र साहू, रामचंद साहू, घनश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू, कमलदेव साहू, अजय साहू, छगन साहू, नरेश साहू, तोषण मरकाम, पोखन साहू, उदे साहू, हीरा साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सेजस स्कूल दुधली में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस





**डौंडीलोहारा।** सेजस विद्यालय दुधली में 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव के निर्देशन में मनाया गया, जिसमें प्राथमिक शाला दुधली, माध्यमिक शाला दुधली , सेजस दुधली के स्टाफ एवं छात्र छात्रा सम्मिलित हुए । योग का प्रारंभ प्रार्थना से किया गया, तत्पश्चात खड़े होकर किए जाने वाले आसन में ग्रीवा चालन, ताड़ासन, वृक्षासन का अभ्यास किया गया। बैठकर किए जाने वाले आसन में वज्रासन, शशांक आसन , शलभाषण, मकरासन, कटी चक्रासन का अभ्यास किया गया। लेटकर किए जाने वाले आसन में पवनमुक्तासन का अभ्यास किया गया । प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास किया गया । योग का संचालन संस्था के व्याख्याता मिलन सिंह सिन्हा ने किया । कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष देव देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति को प्रतिदिन योग करना चाहिए इससे शरीर स्वस्थ रहता है इसी कड़ी में संजय दुबे ने करें योग, रहे निरोग का नारा देते हुए सबको योग करने की अपील की। संस्था से मिलन सिन्हा ने कहा की व्यक्ति को प्रतिदिन की दिनचर्या में योग को अवश्य शामिल करना चाहिए जिससे शरीर स्वस्थ रहता है स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का विकास होता है ।आभार प्रदर्शन संस्था के व्याख्याता वीर सिंह ठाकुर ने किया। तत्पश्चात सभी को प्रतिदिन योग करने हेतु योग का संकल्प कराया गया और जीवन को स्वस्थ रखने के लिए तटस्थ रहने कहा गया। समापन शांति पाठ से किया गया जिसमें समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा ।

## गुरूर में 'योग संगम हरित योग' कार्यक्रम के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर परिसर मे ग्वारहवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग एक पृथ्वी एक स्वास्थ थीम के साथ ही सिग्नेचर ईवेन्टस के रूप मे योग संगम हरित योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमे एक पृथ्वी एक स्वास्थ के लिए योग शपथ दिलाया गया। जिसमे पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत नंदकिशोर शर्मा, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत ईशा प्रकाश साहू, अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू, पार्शद राकेश दीवान, चन्द्रलता साहू, अनाराम यादव, गिरधर लाल ठाकुर, जितेश्वरी मोहन निशाद, मधु जगदल्ले, नारायण राम टेके, नागरिक जनपद पंचायत सदस्य सोहद्रा साहू, जयंत किरी, चिंता राम साहू, राजेश दिवान, महामंत्री भाजयुमो मंडल गुरूर अजेन्द्र साहू एवं अधिकारी कर्मचारी के साथ महिला एवं बाल विकास गुरूर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, कृशि विभाग गुरूर, स्कूली शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## बोरई में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग शिविर का आयोजन



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मिडिल स्कूल बोरई में ग्राम पंचायत बोरई के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच, सरपंच संघ के अध्यक्ष, ओमेश्वर यादव, प्राचार्य जया चंद्राकर, टिकेश्वरी गणवीर, दिनेश ताम्रकार, परमानंद यादव, सचिव तामेश्वर साहू, स्कूल विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजित योग दिवस में योग शिक्षक जागेश्वर साहू के मार्गदर्शन में उपस्थित सभी सदस्यों ने योग, आसन एवं प्राणायाम किये। इनके द्वारा नित योग करने एवं निरोग रहने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा करते हुए। ग्राम सरपंच, सरपंच संघ अध्यक्ष, ओमेश्वर यादव ने योग का मानव जीवन पर प्रभाव पर व्याख्यान प्रस्तुत कर बताया कि दैनिक योग करने से मनुष्य हमेशा स्वस्थ रह सकता है, बड़ी से बड़ी बीमारियों को दूर रखा जा सकता है, हमें प्रतिदिन योग ध्यान करना चाहिए, यह कहकर सभी विद्यार्थियों और ग्रामीणों को धन्यवाद दिया।

## विश्व योग दिवस पर छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने किया योगाभ्यास



**गुरूर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फागुन्दाह में योग और प्राणायाम का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल के छात्र छात्रओ के साथ शिक्षक व ग्रामीणो ने भाग लिया।

जिसमे जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, सरपंच मोतिम मरकाम, जनपद सदस्य हेमंत गुरूपंच, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गिरीश हिरवानी, उपसरपंच माधव साहू व अन्य जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। योग संचालन कर्ता शाला के व्याख्याता जितेंद्र शर्मा और सूरज गोपाल गंगबेर, आभार प्रदर्शन प्राचार्य मधु कुमार सिन्हा ने किया।

विद्यालय के शिक्षकगण दिलीप साहू, तेज राम पटेल, गंगा प्रसाद बारले, मनीष साय पैकरा, कौशल ठाकुर, रूपेंद्र गुरूपंच, टीनू कमलवंशी, हीरालाल धुरव, योगेंद्र पटेल, नारायण साहू एवं कार्यालय स्टाफ, प्रमोद मंडावी, आकांक्षा गर्ग, शोभराय साहू एवं पालक व ग्रामीणजन भी उपस्थित थे।

## किल्लेकोड़ा स्कूल में किया योगाभ्यास




**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा के सभागार में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन वाय. एस. मरकाम सर (प्रभारी प्राचार्य) की अध्यक्षता व घनश्याम पटेल व्याख्याता के निर्देशन में संपूर्ण हुआ। इस अवसर पर जी. पटेल सर ने विभिन्न प्रकार के योग, उपस्थित सदस्यों, छात्र-छात्राओं और स्टाफ को कराया ,जिसमें प्रमुख रूप से अनुलोम- विलोम, उत्तानपादासन, सिंहासन, त्रिकोणासन ,कपालभारती ,ग्रीवा संचालन, वक्रासन ,प्राणायाम, हलासन ,मंडूकासन , भ्रामरी शामिल है। मरकाम सर ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिदिन योग करने से बहुत सारे रोग समाप्त हो जाते हैं।जैसे थायराइड, रक्तचाप, मधुमेह, बी.पी., मोटापा, आदि।योग का मुख्य उद्देश्य बीमारियों से अपने आप को बचाना है, जिससे वे निरोगी बन सके। कार्यक्रम का संचालन राज्यपाल पुरुस्कृत डॉ बी .एल. साहसी( व्याख्याता) ने किया इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर व्यक्ति को ऊर्जावान बनना है और स्वस्थ रहना है, तो उनको सुबह प्रतिदिन योग करना चाहिए। क्योंकि इससे दिनभर की एनर्जी बनी रहती है। कु मोनिका छात्रा प्रतिनिधि ने कहा कि योग करो, स्वस्थ रहो, मस्त रहो और निरोगी बनो, आभार प्रदर्शन त्रिजला ठाकुर मैडम ने किया उन्होंने उपस्थित सदस्यों, स्टाफ, छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सबने अपना कीमती समय निकालकर विश्व योग दिवस पर अपनी उपस्थिति दिए, इसके लिए मैं आप सबको ढेर सारी शुभकामनाएं देती हूं, तथा आप सब की उज्जवल भविष्य कामना करती हूं। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सर्वश्री जे.पी बांधव (व्याख्याता) ,हेमेंद्र साहू (व्याख्याता ),श्रवण यादव, खगेश ठाकुर व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## धमकी देकर 29 लाख की उगाही, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** युवक के साथ जबरन अप्राकृतिक कृत्य कर उसका वीडियों बनाकर वायरल करने की धमकी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना जामुल पुलिस थाना क्षेत्र का है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि एक युवक को सब्जी व्यवसाय करने का झांसा देकर आरोपी एमपी हाल ही में एलआईजी 42 हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी आलोक मिश्रा ने युवक के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। घटना का सारा वीडियो आलोक मिश्रा ने अपने मोबाइल पर रिकार्ड कर लिया था। वीडियो को वायरल की धमकी देकर पीड़ित से 29 लाख 40 हजार 611 रूपये लेना स्वीकार किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


# योग दिवस पर 'हरित योग' थीम के साथ कुथरेल में हुआ सामूहिक योगाभ्यास





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शांतिवन प्रखर वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा दुर्ग जिले के ग्राम कुथरेल में योग का आयोजन किया गया, जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक प्रदीप चंद्राकर के द्वारा योग अभ्यास कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से लोमस चंद्राकर सभापति जनपद पंचायत दुर्ग, दीनानाथ चंदाकर के साथ सैकड़ो की संख्या में युवा, महिला एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को इस बार हरित योग थीम पर मनाया गया, जिसके अंतर्गत सभी अतिथियों को पौधा भेंट किया गया। सभी ने पौधारोपण करने का संकल्प लिया। इस आयोजन को लेकर फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रेमलाल देशमुख ने कहा कि योग का उद्देश्य आत्मिक शांति मानसिक स्थिरता और शारीरिक स्वास्थ्य प्राप्त करना है। योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक विधि है। योग के लिए हमें हर दिन समय निकालने की जरूरत है। आयोजन को वृहद रूप में किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। योग से सभी के चेहरे खिल उठे। योग का सभी ने भरपूर आनंद उठाया। योग के दौरान प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत कुथरेल के सरपंच गीता गजपाल, पूर्व सरपंच राजश्री प्रेरणा चंद्राकर, अध्यक्ष प्रेमलाल देशमुख, सचिव नागेन्द्र चंद्राकर, कोषाध्यक्ष किशोर देशमुख, सह सचिव वेदु साहू, कमलेश देशमुख, मेनका देशमुख, रुची चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, नेवेन्द यादव ,भोजराज ढीमर, जयश्री चंदाकर, दुष्यंत देशमुख, देवनारायण सोनवानी, गंगा राम चंद्राकर व बच्चे उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
राशि:-स्लीपर 13,500/- , 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411